सत्यमेव जयते
एस. चावला
महानिदेशक
S. Chawla
Director General

भारत सरकार
रक्षा मंत्रालय
वैमानिक गुणवत्ता आश्वासन महानिदेशालय
डी.जी.ए.क्यू.ए., एच-ब्लाक, नई दिल्ली-110011
GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF DEFENCE
DIRECTORATE GENERAL OF
AERONAUTICAL QUALITY ASSURANCE
DGAQA, H-BLOCK, NEW DELHI-110011
Tele : 011-23011783 Fax : 011-23014395
Email : dg.dgaqa@gov.in
Website : www.dgaeroqa.gov.in

अ.शा. 1171/डी.जी.ए.क्यू.ए./एस सी 01 जुलाई, 2020

## महानिदेशक का संदेश

देश के प्रमुख रक्षा गुणवत्ता आश्वासन महानिदेशालय संगठन का महानिदेशक पद ग्रहण करने पर आज मैं डी.जी.ए.क्यू.ए. के कार्मिकों और उनके परिजनों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूँ। मैं उस डी.जी.ए.क्यू.ए. के समर्पित विशेषज्ञों की उत्कृष्ट टीम का नेतृत्व करने पर गौरवान्वित महसूस करता हूँ जिसका निर्माण भूतपूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम जैसे अनेक निष्ठावान व्यक्तियों के कठिन परिश्रम तथा क्षमता से हुआ है जिन्होंने अपने व्यावसायिक करियर की शुरुआत हमारे प्रतिष्ठित संगठन से की थी।

2. सैन्य विमानन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने के लिए मैं डी.जी.ए.क्यू.ए. की क्षमता को बढ़ाने का भरपूर प्रयास करुंगा। हमारे देश में रक्षा विमानन भंडार (स्टोर्स) अत्याधुनिक वायुयानों, हेलिकॉप्टरों, यू ए वी, एयरो इंजनों, वायु आयुधों तथा संबद्ध उपस्करों को शामिल कर तीव्र आधुनिकीकरण की दौर में है। हम अपने मानव संसाधनों को अपनी आवश्यकताओं के अनुरूप सुसज्जित कर रहे हैं।

3. हमारे निर्देशन दस्तावेजों (डी.डी.पी.एम.ए.एस., ए.एफ.क्यू.एम.एस., डी.जी.ए.क्यू.ए. मैनुअल, भू.एस.ओ., ए.क्यू.ए. निदेशों आदि) में पद्धतियों, एस.ओ.पी., नीतियों, भूमिकाओं तथा उत्तरदायित्वों को निर्धारित किया गया है। हमारे गु.आ. कार्मिकों को इस पर ध्यान केन्द्रित करना चाहिए और निर्धारित आवश्यकताओं का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करते समय उच्चतर व्यावसायिक मानकों को प्राप्त करने का प्रयास करना चाहिए। हमें अपने कौशलों को अद्यतन करने तथा अपना कार्य अत्यधिक व्यावसायिक तरीके से करने की आवश्यता है। डी.आई.आर. के अंतर्गत 'तकनीकी दोष' की दर काफी अधिक है तथा इसे सभी हितधारकों को सक्रिय रुप से शामिल करते हुए कम करने की जरूरत है चाहे विनियामक एजेंसियां (ए.क्यू.ए., आर.सी.एम.ए. हों या विनिर्माण एजेंसियां (एच.ए.एल., बी.ई.एल., ओ.एफ.आदि प्रयोक्ता सेवाएं (भा.वा.से., सैन्य विमानन, नौसेना विमानन, आई सी जी विमानन) प्रत्येक डी.आई. में घटना की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए अंतर्निरीक्षण तथा समग्र जांच का गुण होता है।

4. मैं आपको आश्वस्त करता हूं कि प्रभावी संगठनात्मक सहायता के साथ हमारे समर्पित प्रयासों डी.जी.ए.क्यू.ए. रक्षा विमानन के क्षेत्र में नए मुकाम पर पहुंचेगा। इसके लिए आपके मूल्यवान सुझावों का स्वागत है।

5. मेरी पत्नी डॉ सविता और मैं आपको तथा आपके परिवार को बधाई देता हूँ और भावी प्रयासों में आपव निरंतर सफलता की कामना करता हूँ।

जय हिंद।

राजेश चावला
01/07/20

**<u>मुख्यालय के अपर महानिदेशक तथा सभी ग्रुप</u>**
**<u>डी.जी.ए.क्यू.ए. के सभी एफ.ई. तथा पी.डी., एम.एस.क्यू.ए.ए.</u>**